एक नजर में

विजय सोनी बने राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच अध्यक्ष

भैरुंदा. राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच की राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने की. बैठक में विजय सोनी को राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय मार्गदर्शक धीरज सोनी, महिला अध्यक्ष रेखा सोनी, प्रदेश अध्यक्ष रजनी आकाश सोनी, अंशिका सोनी, रवि सोनी माहौर सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में 18 जुलाई को आयोजित होने वाले स्वर्णकार प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर से चर्चा की गई. समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, युवा प्रतिभाओं एवं व्यक्तित्वों का सम्मान किया जाएगा. साथ ही संगठन के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा.

वाहन चालकों को दिलाई सुरक्षित यातायात की शपथ

अमलाहा. सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीबीसीपीएल की सीएसआर टीम द्वारा टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया. चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर एवं पुलिस बल की उपस्थिति में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम में परियोजना सुरक्षा अधिकारी श्याम गिरी, प्लाजा प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह चौधरी, कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा, संतोष सिपाना, लोकेन्द्र, राजेश पाण्डेय उपस्थित थे.

बजरंग दल ने पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

बुधनी. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत नगर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर कैंब्रिज, ओरिएंटल एवं दीनदयाल कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया. कार्यक्रम में नप अध्यक्ष अर्जुन मालवीय, जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल राजपूत तथा एडवोकेट गुड्डू जाट ने छात्र-छात्राओं को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के नियमित भरण-पोषण एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर सुवेंद्र सिंह राजपूत, परशुराम सोनी, सोनू चौहान, वरुण सिंह, राहुल सिंह राजपूत, गोलू भावसार, सुशील खत्री, धर्मेंद्र नगर, जय मालवीय, हर्षित कुमार, चेतन भाई जाटव, पप्पू भाई एवं लालू प्रसाद यादव सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

मूंग खरीदी और खाद की उपलब्धता को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुधनी. किसानों ने दीपक चौहान के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मूंग की फसल की शत-प्रतिशत खरीदी एवं खाद-यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की. किसानों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की केवल 25 प्रतिशत खरीदी किए जाने के आदेश से किसान चिंतित हैं. उनका कहना है कि यदि सरकार केवल 25 प्रतिशत उपज खरीदेगी, तो शेष 75 प्रतिशत फसल किसानों को निजी व्यापारियों को बेचनी पड़ेगी. इससे व्यापारी मनमाने एवं कम दामों पर खरीद करेंगे, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा. किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. इस दौरान कमलेश चौहान, नवीन चौहान, प्रशांत चौहान, शुभम चौहान, देवकर चौहान, राजकुमार हर्ष चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, आदित्य चौहान, नितेश चौहान, भोला चौहान, शिवांश चौहान, शिवाल चौहान, बल्लू चौहान एवं धर्मेंद्र चौहान आदि उपस्थित थे.

विशेष प्रतिवेदक ने किया कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण

सीहोर. मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चंद्र ने कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया. उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां देखीं और कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का भी निरीक्षण कर बालिकाओं से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए.

आवारा मवेशियों से शहर की सड़कें असुरक्षित

हर दिन दुर्घटनाओं का बना रहता खतरा, मुख्य मार्गों और चौराहों पर डेरा, जिम्मेदार महकमा बेखबर

सीहोर. आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए नपा द्वारा अभियान न चलाए जाने के कारण सभी सड़कों पर मवेशियों का कब्जा बना है.

- मवेशियों से टकराकर कई वाहन चालक हो चुके चोटिल
- सड़कों के बीच बैठे रहने से होता यातायात बाधित

नवभारत न्यूज

सीहोर 8 जुलाई. शहर में आवारा मवेशियों की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है. प्रमुख सड़कों और व्यस्त चौराहों पर दिनभर बैठे रहने वाले मवेशी न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं. इसके बावजूद नपा और संबंधित विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने में अब तक सफल नहीं हो पाए हैं.

शहर के अस्पताल चौराहा, बस स्टैंड, नदी चौराहा, भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, मंडी क्षेत्र सहित कई प्रमुख मार्गों पर सुबह से देर रात तक गाय, बैल और अन्य मवेशियों का जमावड़ा देखा जा सकता है. सड़क के बीच बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को बार-बार रफ्तार धीमी करनी पड़ती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती है।

सर्वाधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है. अचानक सामने आ जाने वाले मवेशियों को बचाने के प्रयास में कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं. रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि सड़क पर बैठे मवेशी अंधेरे में आसानी से दिखाई नहीं देते. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

नपा द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाए जाने से हालात और बदतर हो गए हैं. शहरवासियों का कहना है कि जब तक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है. नागरिकों ने जिला प्रशासन और नपा से नियमित अभियान चलाने, पर्याप्त गौशाला एवं आश्रय व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले पशुपालकों पर जुर्माना लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में अब प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है.

करोड़ों खर्च, फिर भी सड़कों पर तड़प रही गौमाता

बुधनी. सरकार गौ संरक्षण को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे करती है. गौशालाओं के संचालन और गौवंश की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है. नगर में गौशाला होने के बावजूद गौवंश खुलेआम सड़कों पर घूम रहे है और आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार बन रहे है. बुधवार को गौवंश की दुर्दशा की चारघटनाएं सामने आई. हाईवे टोल प्लाजा के पास दो गाय सड़क हादसे में घायल हो गई. खत्री पेट्रोल पंप के समीप हाईवे पर एक अन्य गाय वाहन की टक्कर से घायल अवस्था में मिली. वहीं देवगांव क्षेत्र में भी एक गाय दुर्घटना का शिकार हुई. इसके अलावा माना क्षेत्र में एक गाय पिछले तीन दिनों से बीमार हालत में पड़ी हुई है .इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने भी कड़ा रुख अपनाया है. संगठन का कहना है कि यदि शीघ्र ही गौवंश की सुरक्षा, उपचार और निराश्रित गौवंश के स्थायी प्रबंधन की व्यवस्था नहीं की गई, तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा जनआंदोलन किया जाएगा.

नकबजनी का खुलासा तीन चोर गिरफ्तार

सीहोर. कोतवाली पुलिस ने नकाबजनी के एक मामले में तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 30 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और चोरी गया मोबाईल बरामद किया गया है. जानकारी के अनुसार गत 7 मार्च को सुरेखा पंवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी और मोबाइल चोरी कर ले गए. शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी रविन्द्र यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुन्ना उर्फ रोहित शिल्पकार निवासी सिलावट मोहल्ला, करन शाक्य निवासी शांतिकुंज बैरसिया एवं भारत उर्फ भरत काला निवासी पलासी करोंद जिला भोपाल शामिल हैं. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब 5 ग्राम सोने के आभूषण, 100 ग्राम चांदी के आभूषण एवं सिक्के तथा मोबाईल बरामद किया. बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है.

जिपं सीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

बिलकीसगंज 8 जुलाई. जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने विद्यार्थियों की आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान का आकलन करने जनजातीय ग्रामों सालीखेड़ा, पाटनी एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण किया.

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा भाषा एवं गणित की आधारभूत अवधारणाओं पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से सीखने की क्षमता का आकलन किया. बच्चों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया. उन्होंने शिक्षकों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि कक्षाओं में अधिक से अधिक गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जाए, जिससे बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित हो. उन्होंने कहा कि रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई एफएलएन शिक्षण सामग्री का प्रभावी एवं नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी भाषा एवं गणित की आधारभूत दक्षताओं को सहज एवं आनंददायक तरीके से अर्जित कर सके. प्रारंभिक कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं मजबूत आधारभूत साक्षरता एवं सं यात्मक ज्ञान बच्चों के समग्र शैक्षणिक विकास की नींव है. इस दिशा में शिक्षकों की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है.

हवा में कई बार पलटी टवेरा कार, युवती की मौत

- भीषण सड़क हादसा सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद
- कार से बाहर फिंकाते नजर आए यात्री, छह गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

भैरूंदा 8 जुलाई. गत दिवस भादाकुई के पास तेज रफ्तार टवेरा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कई बार पलट गई. यह पूरी भयानक घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. हादसे में एक युवती की मौके पर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

जानकारी के अनुसार टवेरा में सवार सभी लोग खंडवा के निवासी थे और किसी कार्य से नरसिंहपुर की ओर जा रहे थे. जैसे ही उनका वाहन भादाकुई के पास पहुंचा, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया. सामने आए सीसीटीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि रफ्तार तेज होने के कारण टवेरा कार अचानक सड़क से नीचे उतरी और हवा में कई फीट ऊपर उछलते हुए ताश के पत्तों की तरह कई बार पलट गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग हवा में उछलकर दूर जा गिरे.

हादसा इतना भीषण था कि चीख-पुकार मच गई.आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची. ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तुरंत वाहन से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है. हादसे में जान गंवाने वाली युवती के शव को पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

शहर का कोई वार्ड विकास से अछूता नहीं रहेगा : प्रिंस

- नपाध्यक्ष राठौर ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन
- 1.95 करोड़ की लागत से होगा सीसी रोड का निर्माण

नवभारत न्यूज

सीहोर 8 जुलाई. नपा द्वारा शहर के अधोसंरचना विकास को गति देते हुए 1 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत की सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया.

यह सीसी रोड़ नदी चौराहा से लिसा टॉकीज होते हुए पांच भाई चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर तक बनाई जाएगी. इस अवसर पर

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा का संकल्प है कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराए जाएं. सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. हम जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

उन्होंने कहा कि शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं. नपा का प्रयास है कि शहर का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे. आने वाले समय में भी शहर के समग्र विकास के लिए जनहित के कार्य जारी रहेंगे.

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया, विजेंद्र परमार, मांगीलाल मालवीय, राजेश मांझी, लोकेन्द्र वर्मा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे.

आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

आष्टा 8 जुलाई. एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए.

बैठक में अधिकारियों को बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी, राहत-बचाव दलों को तैयार रखने और कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए. एसडीएम किरार ने नदी-नालों, पुल-पुलियों और जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा, जबकि एसडीओपी गुप्ता ने

संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. प्रशासन ने नागरिकों से नदी, नालों, रपटों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत देने की अपील की है.

महिला पॉलीटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

सीहोर. महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सीएलसी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया इच्छुक छात्राएं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन कराने के उपरांत कॉलेज लेवल काउंसलिंग में भाग लेकर रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकती हैं.

अच्छी बारिश के लिए पार्वती जल से श्रीगणेश का अभिषेक

नवभारत न्यूज

सीहोर 8 जुलाई. अच्छी बारिश की कामना को लेकर कई गांवों के महिला-पुरुष 20 किमी की पदयात्रा करते हुए पार्वती नदी का जल लेकर चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान का जल से अभिषेक किया.

आषाढ़ माह में ग्राम पार्वती के लोग पार्वती नदी का जल भरकर व झंडा लेकर पैदल जत्थे के रूप में ऐतिहासिक चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचते हैं. इस दौरान रास्ते में आने वाले गांवों के लोग यात्रा का स्वागत कर जत्थे में शामिल हो जाते हैं. श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार सुबह करीब 20 किमी की पदयात्रा कर गणेश मंदिर पहुंचा. जत्थे में पिपल्या नगर, बावड़िया मैना, जंगीखेड़ी, खजूरी अलादाद, मूड़लाकलां, कराड़ियाभील बिजौरा, बिजौरी, नयापुरा, बकतल, कौड़िया छितु लोंदिया आदि ग्राम के लोग शामिल थे.

रह- रहकर बरस रहे बादलों ने घोली ठंडक

सीहोर. अल-नीनो का असर कम होते ही मानसून अपना असर दिखा रहा है. शहर सहित जिलेभर में पिछले चार दिन से लगातार तेज बारिश हो रही है. मौसम विभाग के अनुसा अभी दो दिन का ऑरेंज अलर्ट और है. इस दौरान तेज हवा के साथ-गरज-चमक के साथ बारिश होगी. कहीं-कहीं बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं. जिले में 8 जुलाई को औसतन 27.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 48.2 मिमी वर्षा सीहोर में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा रेहटी में 42.2 मिमी, जावर में 36.3 मिमी, आष्टा में 32 मिमी, इछावर में 29 मिमी, बुधनी में 15 मिमी, श्यामपुर में 8.5 मिमी तथा भैरूंदा में 7 मिमी वर्षा दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक औसतन 349.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि इसी अवधि में गत वर्ष 309.7 मिमी वर्षा हुई थी. तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आष्टा में सर्वाधिक 490 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. इसके अलावा जावर में 429 मिमी, भैरूंदा में 389 मिमी, इछावर में 373 मिमी, रेहटी में 330.8 मिमी, सीहोर में 322.8 मिमी, बुधनी में 263 मिमी तथा श्यामपुर में 196.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है.

निरीक्षण ▶ कलेक्टर ने किया आष्टा सिविल अस्पताल और नवीन कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

अस्पताल में मरीजों को मिले त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवा

नवभारत न्यूज

आष्टा 8 जुलाई. कलेक्टर बालागुरू के ने सिविल अस्पताल एवं नवीन कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

सिविल अस्पताल में उन्होंने सभी वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसूति कक्ष, आपातकालीन सेवाओं, जांच सुविधाओं तथा साफ-सफाई का निरीक्षण किया. मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की

उपलब्धता, दवाओं के स्टॉक तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कलेक्टर ने नवीन कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया. कृषि उपज मंडी के कार्यालय अधीक्षक अरविंद झंवर ने मंडी परिसर की व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए बताया कि मंडी में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था के साथ-साथ दुकानों का निर्माण शीघ्र कराया जाना आवश्यक है.

इस पर उन्होंने मंडी परिसर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों, व्यापारिक सुविधाओं, किसानों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं, सड़क, शेड, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली. साथ ही निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की. कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. उन्होंने किसानों एवं व्यापारियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंडी परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र विकसित करने के निर्देश दिए.